## एक नजर में

### चामुंडा माता मंदिर में विशाल भंडारा सम्पन्न



**सुठालिया 03 अक्टूबर, सं.** शारदीय नवरात्रि के समापन पश्चात मंदिरों में हवन पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया. बीती शुक्रवार रात को ग्राम मऊ स्थित प्राचीन मां चामुंडा माता मंदिर परिसर में महाआरती के साथ विशाल भंडारा हुआ जिसमें बड़ी तादाद में सुठालिया,मऊ सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की. व्यवस्थाओं में सुठालिया पुलिस व श्रद्धालु लगे रहे. हवन शांति आयोजन के मुख्य यजमान थाना प्रभारी प्रवीन जाट रहे. जिन्होंने सपत्नीक हवन किया. कन्याओं के पेर पूजे. भंडारे में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी सहित जिले के पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मी राजनीतिक दलों के नेता पदाधिकारीगण सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए.

### स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला



**जीरापुर 03 अक्टूबर, सं.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के तहत विशाल पथ संचलन निकाला. सब्जी मंडी गेट, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित, अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब, मेडतवाल वैश्य समाज, अकल चबूतरा गुरूप सिदेश्वर महादेव, बरोंज गारमेंट, इंदिरा मुंदड़ा, अखिल भारतीय किरार (क्षत्रिय) महासभा, तोमर मित्र मण्डल, सत्यम गुरूप, स्वदेशी पान भण्डार, बरोंज गारमेंट, कृषि आदान विक्रेता संघ, गुर्जर गोंड ब्राहमण समाज, बस स्टैंड पर पूर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, भाजपा मंडल, मेडिकल एसोसिएशन, भावसार समाज आदि ने स्वागत किया. नगर के आवास कॉलोनी, खिलचीपुर नाका सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए अपने गंतव्य पहुंचा. विभाग प्रचारक सुरेश जैन ने उद्बोधन में बताया की यहा व्यक्ति का निर्माण होता है जो विभिन्न संगठनों में काम करते हैं. मंच पर क्षेत्रीय व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन भण्डावद, आश्रम वेदाचार्य संत रामानन्द शास्त्री, खण्ड प्रमुख महेश जमींदार उपस्थित रहे.

### मां काली की झांकी में भक्तों की भीड़ उमड़ी

**छापीहेड़ा 03 अक्टूबर, सं.** नवरात्रि पर पूरा नगर भक्तिमय हो गया चारो तरफ रात्रि में भक्तो की अपार भीड़ इसका प्रमाण है नवरात्रि में महाअष्टमी पर शीतला मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार समाज सेवी मोहनलाल सोनी द्वारा 56 भोग लगाकर मां काली की भोलेनाथ तथा उनके गणो की अद्भुत झांकी सजाई गई. बाहर से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक दरवाजा तथा गैलरी को सुसज्जित किया गया. देखने के लिए भक्तों को भारी भीड़ के कारण इंतजार करना पड़ा तलाब परिसर पर मां की आरती की गई तथा लाल माता मंदिर, दुर्गा मां मंदिर, रामपुरिया बालाजी, वार्ड क्रमांक 14, वार्ड 15, कुशवाहा मोहल्ला, तालाब परिसर कुंभकरण की झांकी बनाई गई. मां काली, भील मोहल्ला, मां दुर्गा की झांकियां का आकर्षक श्रंगार कर महाआरती की गई. नगर की गलियों में बाजार में महिलाओं पुरुषों की भारी भीड़ ने दर्शन लाभ लिया. झांकियां में जगह-जगह पर महा आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया.

# बाइक सवार को कुचला, करंट से युवक की मौत

## मंडी में मूंगफली बेचकर अपने घर लौट रहे बाइक सवार को बस ने जोरदार टक्कर मार दी

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 03 अक्टूबर, सं. शुक्रवार को नगर में हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई. एक घटना में बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घटना में करंट लगने से एक युवक ने दम तोड़ दिया.**

स्थानीय कृषि उपज मंडी में मूंगफली बेचकर अपने घर लौट रहे बाइक सवार को बस ने जोरदार टक्कर मार दी. जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जबकि दूसरा हार्वेस्टर संचालक का पुत्र सोयाबीन कटवाने दूसरे के खेत पर गया था इसी बीच पानी पीने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई दोनों का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया.



जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह नेशनल हाईवे पर कीड़ी बायपास के यहां मोहन पिता भेरू सिंह पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम सईदाबाद मंडी से मूंगफली बेचकर अपने घर लौट रहा था तभी पंजाब की एक बस ने बाइक को टक्कर मार दी. बाइक सवार मोहनलाल पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है.

### ब्रिज बनाने की मांग पर अड़े नागरिक

लंबे समय से नागरिकों द्वारा यहां ब्रिज बनवाने की मांग की जा रही है. तहसीलदार आकाश शर्मा ने समझाईश देते हुए कहा कि आपकी मांग से विभाग को अवगत कराएंगे. वैकल्पिक व्यवस्था करवाने की कोशिश करेंगे. वहीं एनएचएआई की फ्लाइंग टीम भी जाम खुलवाने के लिए मौके पर पहुंची.

### हार्वेस्टर संचालक के पुत्र की करंट लगने से मौत



नगर के वार्ड 8 बजरंग कॉलोनी निवासी ओम परमार हार्वेस्टर से सोयाबीन कटवाने का कार्य करते है. शुक्रवार को उनका लड़का सुमित परमार उम्र 21 वर्ष शाजापुर जिले के राजावत में खेत पर हार्वेस्टर से सोयाबीन कटवाने के लिए गया था. इसी दौरान पानी पीने के समय वह करंट की चपेट में आ गया. आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत ही शासकीय सिविल अस्पताल सारंगपुर लाये जहां पर डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसकी मृत्यु घोषित कर दिया.

### हाइवे पर लगाया जाम

हादसे के बाद यहां ब्रिज की मांग को लेकर लोगों ने हाइवे पर जाम लगा दिया. हाईवे पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई. ब्रिज की मांग करते हुए हाईवे पर जमा लगा दिया. घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा टीम के साथ मौके पर पहुंची. हादसे के बाद हाईवे पर और पास के गांव से भारी भीड़ जमा हो गई. वहीं पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली है.

# ड्राय डे पर 321 लीटर शराब जब्त, 2 बाइक पकड़ीं

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 03 अक्टूबर, सं. कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रीतेश लाल ने 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस के मौके पर विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जिसमें जिले की सीाी मदिरा दुकानों को बंद रखते हुए अवैध मदिरा पर सख्ती से नियंत्रण किया.**



इस दौरान सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा शुष्क दिवस पर गश्त के दौरान क्षेत्र के ग्राम संडावता, भ्याना, सबरसिया, भवानीपुरा, बिगनोदीपुरा, सारंगपुर बस स्टैंड आदि संदिग्ध स्थलो, होटल ढाबो पर दबिश देकर 13.62 बल्क लीटर बीयर, 24.84 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा, 3.6 देशी मसाला मदिरा जप्त की. आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है.

उक्त कार्यवाहि में आबकारी उपनिरीक्षक दीपक राजपूत, सुश्री अर्चना भवारे, आरक्षक इमरान खान, शिवम पचाई, दिव्यांशी गौर,रतनेश परिहार आबकारी मुख्य आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक सुश्री राशिका साहू व श्री गौतम लोधी एवं दिव्यांशी गौर, रतनेश परिहार, गौरी शंकर विजयवर्गीय, संजय देशवाली एवं सुश्री महिमा मीना का विशेष योगदान रहा.

# एक पखवाड़े से नहीं ली लम्पी पीड़ित गौवंश की सुध

## गौवंश में फैल रही बिमारी पर विभाग अनभिज्ञ



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 अक्टूबर, का. नगर सहित जिले में कई जगह पर गौवंश में लम्पी रोग फेल रहा है. नगर में लम्पी रोग के मामले सामने आने के बाद भी इसको गंभीरता से नहीं लिया गया. दस दिन पूर्व लम्पी रोग पीड़ित गौवंश के सामने आने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा इसको गंभीरता से नहीं लिया गया. आज भी पीड़ित गौवंश अन्य मवेशियों के बीच होने से अन्य गौवंश भी लम्पी रोग की चपेट में आ रहे है.**

विदित है कि 24 सितम्बर को स्थानीय राजगढ़ रोड स्थित पंचशील कॉलोनी में एक गौवंश में लम्पी रोग के लक्षण नजर आने तथा गौवंश की तबीयत बिगड़ने के मामले से पशु चिकित्सा विभाग को अवगत कराया गया था किंतु आश्चर्यजनक बात यह है कि इसका हल्के में लेते हुए विभाग की तरफ से पीड़ित गौवंश के उपचार एवं देखभाल एवं अन्य गौवंश रोग की चपेट में न आ जाये इस हेतु कोई पहल नहीं की गई. दस दिन बाद आज भी रोग पीड़ित गौवंश उसी मोहल्ले में अन्य गौवंश के बीच मौजूद है.

**अन्य गौवंश में फेल रहा रोग**

पशु चिकित्सा विभाग का कहना है कि लम्पी रोग से निपटने पूर्व में गौवंश में टीकाकरण किया जा चुका है. बावजूद इसके नगर में गौवंश में लम्पी रोग के मामले सामने आ रहे है.

नगर में 24 सितम्बर को एक गौवंश में लम्पी रोग के लक्षण दिखाई दिए इसके बाद 25 सितम्बर को उसी स्थान पर एक अन्य गौवंश में लम्पी रोग के लक्षण नजर आये. विशेष बात यह है कि रोग से ग्रसित गौवंश को अन्य गौवंश के बीच देखा जा सकता है. इन सब बातों से विभाग मानों अनभिज्ञ है. लम्पी वायरस पर काबू पाने के लिए टीकाकरण के साा ही पीड़ित मवेशी को अन्य गौवंश से अलग रखते हुए सुरक्षात्मक उपाय जरुरी है.

**एक दूसरे से फैलता रोग**

जानकारों के अनुसार मवेशी में होने वाला लम्पी रोग संक्रमण वाला है जो कि एक मवेशी से दूसरे मवेशी में फैलता है. इसमें संक्रमित मवेशी को अन्य मवेशियों से अलग रखा जाये ताकि वायरस को फैलने से रोका जा सके. किंतु वर्तमान में जो भी लम्पी प्रभावित मवेशी है वह अन्य मवेशियों के साथ झुंड में ही रह रहे है.

### ये बरतें सावधानी

लम्पी मवेशियों का ही रोग है जो कि एक मवेशी से दूसरे मवेशी में जा पहुंचता है. हालांकि लम्पी वायरस इंसानों में नहीं फैलता है. सावधारी बरतते हुए दूध का उपयोग करने से पहले उसे अच्छी तरह उबालना चाहिए. पशुपालक बाहर से खरीदे जा रहे नए पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करवाए. यदि किसी मवेशी में लम्पी रोग के लक्षण नजर आये तो तुरंत इसकी जानकारी पशु चिकित्सा विभाग को दी जाये



# खाटू श्याम मंदिर : एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 अक्टूबर, का.** एकादशी के अवसर पर गुना रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर धाम पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही.

यहां उज्जैन से मंगवाए 51 किलो फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया. सुबह की आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था. दोपहर की आरती तक मंदिर प्रांगण पूरी तरह भर गया. नगर के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्रो, जिले भर से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आये. ढोल-ढमाकों के साथ निशान यात्राएं मंदिर पहुंची.

स्थानीय पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली गई. अधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की व्यवस्था की गई. नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने और व्यवस्था बनाएं रखने में सहयोग किया. हाइवे का रूट डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे मार्ग से निकाला गया.

# वैश्य समाज ने अस्पताल में फल बिस्कुट वितरण किए

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 03 अक्टूबर, सं.** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में स्थानीय सिविल अस्पताल में जच्चा-बच्चा वार्ड में भर्ती महिलाओं को फल बिस्कुट गांधी जयंती के उपलक्ष्य में वितरण किए गए. जहां पर प्रमुख रूप से वैश्य समाज जन प्रोफेसर डा. राधाबल्लभ गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, पवन खरेशवाला बर्तन, रामेश्वर टांक, गिरीराज अग्रवाल, दिनेश जमींदार, डॉ. मनोज गुप्ता, वैश्य समाज युवा अध्यक्ष अजय बैरिस्टर, हेमन्त अग्रवाल, मनोज गुप्ता गरड़ा, घनश्याम टांक, मनीष सिंगी, संजय खरेशवाला, गोपाल गुप्ता मेडिकल ,दीपक जमींदार मेडिकल, मुकेश बरोंज सहित मेडिकल ऑफिसर डा. चंचल दांगी मोजूद रहे.



### तलेन में निकाला पथ संचलन

**तलेन 03 अक्टूबर, सं.** गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव को लेकर पथ संचलन निकाला गया. पथ संचालन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से घोष के साथ प्रारंभ हुआ. जगह-जगह पुष्प वर्ष कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक जगदीश प्रसाद यादव, विभाग प्रचार प्रमुख डॉक्टर विवेक सोनी, नगर कार्यवाह रामकृष्ण यादव द्वारा शस्त्र पूजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर सोनी ने विजयादशमी उत्सव, आरएसएस की स्थापना के बारे में बताया.

# नाबालिग बालिका दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 03 अक्टूबर, सं.** मंगलवार को पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बीते 23 सितंबर को फरियादी द्वारा नाबालिग पुत्री (उम्र 16 वर्ष) के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई थी. जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन के लिए टीम गठित की थी. जिसमें पुलिस टीम के प्रयासों से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया.

पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी संजय पिता देव सिंह (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम गोपालपुरा, जिला सीहोर एवं उसके सहयोगी मोनू प्रजापति निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों पर धारा 87, 65(1), 64(1), 64(2)(एम), 142 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा में कार्यवाही की गई है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुंजा जमादार, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, सूरज चांवरिया, मुकेश वर्मा, आरक्षक राघवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी, सुनील मीणा, जगन यादव तथा सायबर सेल के आरक्षक पवन मीणा की विशेष भूमिका रही.

# 25 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 अक्टूबर, का.** स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में पीएम उषा परियोजना अंतर्गत कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग विषय पर 25 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. के सहयोग से संचालित किया जा रहा है. इस शिविर में 50 विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जायेगा.

इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता की अध्यक्षता में एवं सेडमेप के जिला संयोजक आर.के. शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ. प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा कि एआई और चैट जीपीटी के युग में बिना कम्प्यूटर के जीवित रहना भी मुश्किल है. इसलिए संस्था द्वारा भविष्य में इनकी मरम्मत के लिए तकनीशियनों की आवश्यकता को देखते हुए इस विषय का चयन संस्था द्वारा किया गया है. विद्यार्थी अपने कौशल का विकास कर, इसे आजीविका का साधन बना सकते हैं.




मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने इस 25 दिवसीय शिविर में प्रतिदिन 2 घंटे सैद्यांतिक एवं क्रियात्मक ज्ञान प्रदान किये जाने की जानकारी दी. यह कार्य बिना कोई लागत लगाये प्रारंभ किया जा सकता है. इसमें अभ्यास के साथ-साथ आपके कौशल में वृद्धि भी होगी.

पीएम उषा परियोजना महाविद्यालय प्रभारी प्रो प्रमोद खरे ने बताया कि महाविद्यालय जिले का एकमात्र महाविद्यालय है जिसे इस परियोजना के लिए चुना गया है. इस तरीके के साफ्ट स्कील कार्यक्रम पूर्व में भी आयोजित किए गए हैं तथा नवंबर और दिसंबर में भी आयोजित किये जाने हैं जिसमें विद्यार्थियों को स्वरोजगार कार्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा.

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट के जिला संयोजक प्रो. अरविंद भारद्वाज द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यक्तित्व विकास करने का आव्हान किया.

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक श्री रवि कुमार एवं सुश्री पूजा त्रिपाठी भी उपस्थित थे. जिन्होंने इस कौशल के महत्व को बताया. आभार डॉ दिलीप गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया.

**पैदावार** — मंडी में भी दिख रहा सोयाबीन की कम पैदावार का असर

# जितना बीज बोया उतना भी नहीं निकला

## एक बीघा में 50 किलो से भी कम निकल रही सोयाबीन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 अक्टूबर, का.** अत्यधिक जल भराव, पीला मोजेक रोग के कारण सोयाबीन फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है. हालात यह है कि कई जगह जितना बीज खेत में बोया था उतना भी नहीं निकल पाया है तो कई जगह अत्यधिक कम पैदावार होने पर फसल तक नहीं कटाई क्योंकि जितनी सोयाबीन नहीं निकलेगी उससे अधिक कटाई की लागत लग जाती.

विदित है कि इस बार बोवनी के समय तथा बाद में अनुकूल बारिश होने से सोयाबीन फसल की स्थिति बहुत ही बेहतर रही. किंतु बाद में अत्यधिक बारिश होने के कारण पौधे की जड़ सड़ने लगी और पौधे को पूर तरह उसका भोजन नहीं मिलने से उसकी उन्नति थम गई.



**लागत भी नहीं निकली**

फसल कटाई के बाद अब सोयाबीन को मंडी में लाने का सिलसिला शुरु हो गया है. ग्राम काली कराड़ निवासी बापूलाल जी ने बताया कि उनके द्वारा अपने 8 बीघा खेत में सोयाबीन की बोवनी की थी इसमें ढाई से तीन क्विंटल बीज लगा और अब कटाई के बाद बमुश्किल तीन क्विंटल सोयाबीन भी नहीं निकली है. जबकि खाद, दवा, कटाई की लागत यह सब खर्च अलग से है. कृषक ने बताया कि हर बार वह दो ट्रॉली में भरकर सोयाबीन बेचने लाते थे किंतु इस बार लोडिंग ऑटो में चार बोरी में सोयाबीन लेकर आये है. ग्राम पड़ोनिया में एक खेत में एक बीघा में मात्र 27 किलो ही सोयाबीन निकली. इसी तरह अधिकांश खेत में एक बीघा में 50 किलो से अधिकाधिक एक क्विंटल तक ही सोयाबीन आई है.

### कटाई नहीं की

कई खेतो में बहुत ही कम सोयाबीन आने पर कटाई नहीं करते हुए खेत में बखर चलवाकर उसमें आगामी फसल की बोवनी की जाएगी. जानकारी के अनुसार ग्राम पारसाना में कुछ खेत में कम फसल आने पर कटाई नहीं करते हुए उसी पर बखर चलवाकर आने वाली फसल की बोवनी करने का निर्णय लिया है. ताकि फसल कटाई की लागत तो बच सके.

ग्राम बेड़ाबे, नापानेरा, बारवां, पारसाना सहित अनेक गांवों में काफी कम सोयाबीन निकली है.

# पेंशनरों का धरना 8 को भोपाल में

**ब्यावरा 03 अक्टूबर, का.** ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल के आव्हान पर पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर 8 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा. एसोसिएशन के अनुसार प्रमुख मांगो में महंगाई भत्ता, पेंशनर की मृत्यु पर12,5000 रुपये अनुग्रह राशि देने, पेंशनर के बेरोजगार बच्चों को पीला राशन कार्ड देने, 27 माह का ऐरियर्स देने, कोर्ट से जीतने वालों को अवकाश नगदीकरण शीघ्र देने, 30 जून 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वालो को वेतन वृद्धि देने आदि अन्य मांगे शामिल है. उपरोक्त मांगे एसोसिएशन ने समय- समय पर कीं किंतु अभी तक इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया.


**निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय**

GNMTST परीक्षा उत्तीर्ण ही प्रवेश के पात्र रहेगें।

सत्र 2025-26 GNM पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

| | |
|---|---|
| 1 ऑनलाईन आवेदन एवं संसोधन | 22-09-2025 से 30-09-2025 |
| 2 रिक्त सीटों का प्रकाशन | 29-09-2025 |
| 3 मैरिट सूची का प्रकाशन | 01-10-2025 |
| 4 संस्था का चयन (म.प्र. निवासी) | 02-10-2025 से 07-10-2025 |
| 5 प्रोविजनल अलॉटमेंट जारी प्रथम चरण | 13-10-2025 |
| 6 आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश एवं दस्तावेजों का सत्यापन | 14-10-2025 से 18-10-2025 |

(https://dme.mponline.gov.in)

पता:-अभयपुर रोड ग्राम कटारियाखेड़ी ब्यावरा-राजगढ़, मोबा.: 9425039231, 7440663447